# बरसात ने किसान को रुलाया, फसल बर्बाद

## पशुओं के लिए भी आएगा चारे का संकट

धौलपुर, (निसं)। पिछले कई दिन से धौलपुर जिले में बरसात का दौर जारी है। जिस कारण बाजरे की फसल बर्बाद हो चुकी है। बरसात से खेत में भरे पानी के बीच बाजरे की फसल को सड़ती हुई देख किसानों का हाल बेहाल है और उनका धैर्य जवाब दे रहा है।

इन दिनों ज्यादातर किसानों की फसल की कटाई चल रही थी तथा कुछ की पक्की हुई खेतों में खड़ी थी। इसी दौरान बरसात का दौर शुरू हो गया। जिससे खेत में कटी पड़ी फसल पानी में डूब गई और बर्बाद हो गई। किसान बाजरे की फसल से काफी उम्मीद लगाए बैठे हुए थे और अच्छी पैदावार को लेकर तमाम सपने देख रहा था लेकिन अन्नदाता के सपनों को बरसात ने चकनाचूर कर दिया है।

बामनवास उपखंड क्षेत्र सहित जिले में हो रही बेमौसम की बरसात किसानों के लिए आपदा बनकर सामने आई है । बरसात से किसानों की पकी पकाई फसलें खेतों में ही बारिश का पानी भरने से तबाह हो गई। किसान की फसलें बरसाती पानी से दोबारा से अंकुरित हो गई। लगातार कई सालों से विभिन्न आपदाओं से खेती में नुकसान झेल रहे किसान समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर वे खुद को कैसे संभाले एवं हुए नुकसान की भरपाई आखिर कहां से करें । इस बेमौसम की बारिश से खासकर बाजरे की फसल चौपट हुई है । जब किसानों से इस बेमौसम बारिश के बाद उनके खेतों में खड़ी पक्की फसल बर्बाद होने की जानकारी ली गई तो दूरभाष पर ही किसान फफक पड़े। शुक्रवार को किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर सुरेश ओला को जिला मुख्यालय पहुंचकर फसल खराबे की गिरदावरी कराकर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग का ज्ञापन सौंपा।



धौलपुर में बाजरे की खराब हुई फसल दिखाते किसान।

- **फसल बर्बाद होने की जानकारी लेने पर किसान मोबाइल पर ही फफक-फफक कर रोने लगे**

# खेतों में पड़ी बाजरे की फसल उगने लगी, कड़बी भी हुई खराब

- **बारिश से किसानों के चेहरे मुरझाए, खेतों में भरा पानी**
- **पिछले एक हप्ते से लगातार पूरे क्षेत्र में बारिश हो रही है**

पावटा, (निसं)। उपखंड पावटा सहित आस-पास के क्षेत्र में 50 से अधिक गांवों में एक सप्ताह से हो रही बारिश से 80 प्रतिशत खराब हुई फसल ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। कई जगहों पर खेतों में पानी भर गया है। इससे बाजरे की फसल खराब हो रही है। पिछले एक हप्ते से लगातार हो रही बारिश से पूरे सत्ताईस क्षेत्र में फसलों को भारी नुकसान पर ग्राम सेवा सहकारी समिति चैयरमैन पुष्पा मीणा, वाइस चेयरमैन हरिसिंह शेखावत, प्रधान पूजा चौधरी, नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला पंसारी, भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कन्हैयालाल मीणा, पूर्व सरपंच जगन चौधरी, निर्मल पंसारी , प्रागपुरा जीएसएस चैयरमैन उपेन्द्र सिंह सहित पावटा पंचायत समिति के सरपंच गणों ने किसानों को भारी नुकसान होने पर सरकार से राहत की मांग की।

वहीं चेयरमैन पुष्पा मीणा ने सरकार से जल्द से गिरदावार रिपोर्ट व फसल नुकसान का उचित मूल्यांकन कर किसानों को उचित मुवावजे की मांग की। बारिश से उपखंड क्षेत्र में बुआई के मुकाबले पैदावार में अधिक गिरावट आने की संभावना है। पावटा उपखंड क्षेत्र सहित कई गांवों में जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ है। खेतों में पानी भरा हुआ है अब न तो बाजरा बचा है और ना ही पशुओं के लिए चारा। खेतो में कटी पड़ी बजरा की फसल से फिर से बालियां अंकुरित हो गई हैं। खेतों में खडी फसल भी बारिश तथा तेज हवा के कारण पसर गई है। अब क्षेत्र के किसान सरकार से मुआवजे की मांग कर रहे हैं। किसानों में मायूसी छाई हुई है। किसानों का कहना है कि यही बारिश करीब 1 माह पहले होती तो किसानों को इसका फायदा मिलता।

# राजस्व अपील अधिकारी का वरिष्ठ सहायक रिश्वत लेते गिरफ्तार



टोंक एसीबी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

- **परिवादी से एक संपति के वाद में मदद करने की एवज में मांगी थी रिश्वत**

टोंक, (निसं)। टोंक एसीबी ने बडी कार्रवाई करते हुए टोंक न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी कार्यलय के रीडर को 12 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। परिवादी से एक संपति के वाद में मदद करने की एवज में मांगी गई थी। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों टोंक इकाई द्वारा शुक्रवार को वरिष्ठ सहायक रीडर न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी जिला टोंक लक्ष्मीनारायण को परिवादी से 12 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों टोंक इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य ने बताया कि एसीबी की टोंक इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत की गई कि पैतृक सम्पति के संबंध में चल रहे वाद में मदद करने की एवज में न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी जिला टोंक के वरिष्ठ सहायक( रीडर) लक्ष्मीनारायण द्वारा 15 हजार रुपए की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी के महानिदेशक भगवानलाल सोनी के निर्देशानुसार एसीबी जयपुर के उपमहानिरीक्षक सवाईसिंह गोदारा के सुपरविजन में एसीबी टोंक इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर शुक्रवार को उनकी टीम द्वारा ट्रेप की कार्यवाही करते हुए लक्ष्मीनारायण पुत्र लालचंद रैगर निवासी मकान नं. 15, चन्द्रलोक होटल के पास टोंक हाल वरिष्ठ सहायक न्यायालय राजस्व अपील अधिकारी टोंक को परिवादी 12 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। आरोपी के निवास, अन्य ठिकानों की तलाशी एवं पूछताछ जारी है।

# एएसआई रिश्वत लेते पकड़ा

भीलवाड़ा, (निसं)। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर शुक्रवार को चित्तौडगढ़ इकाई द्वारा भीलवाड़ा में कार्यवाही करते हुये विजय सिंह सहायक उपनिरीक्षक पुलिस, थाना सुभाषनगर, जिला भीलवाड़ा को परिवादी से 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरुद्ध दर्ज प्रकरण में कोई कार्यवाही नहीं करने और मामले रफा-दफा करने की एवज में विजय सिंह सहायक उपनिरीक्षक पुलिस थाना सुभाषनगर भीलवाड़ा द्वारा 22 हजार रूपये की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है, जिस पर एसीबी उदयपुर की टीम ने शिकायत का सत्यापन कर भीलवाड़ा में ट्रेप कार्यवाही का आयोजन किया।

# कार्यालय नगर परिषद, टोंक

क्रमांक - एमसीटी/2022-23/10811 दिनांक-23.9.2022

## इश्तेहार उज्र आपत्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासन शहरो के संग अभियान -2021 के अन्तर्गत निम्न आवेदको द्वारा परिषद में कृषि भूमि /69 नियमन के अन्तर्गत पट्टा /स्टेट ग्रान्ट एक्ट 1961 के अन्तर्गत पट्टे/हस्तान्तरण चाहने हेतु आवेदन किया गया है।यदि इस कार्यसे किसी आम या खास को कोई आपत्ति हो तो परिषद में सात दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज सबूत के साथ प्रस्तुत करे बाद मियाद गुजरने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा और नियमानुसार पट्टे /हस्तान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | कॉलोनी का नाम | साईज/ वाई नं. | भूखण्ड संख्या | वि.वि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अवेस नददाफी /मो.रशीद | मोहल्ला चुडिगरान पुरानी टोक | 533.33 | - | 69 ए |
| 2 | अब्दुल सलीम मिया/अब्दुल हाफिज | मोहल्ला कारेलिया छावनी टोक | 161.53 | - | 69 ए |
| 3 | अफजल, असलम/स्व. अब्दुल सलाम | बडा कस्साबान बावडी रोड टोंक | 40 | - | स्टेट ग्रान्ट |
| 4 | परिया बी, अच्छी बी / स्व.जलीलुर्रहमान | खाडी भण्डार के पास कालीपलटन | 31 | - | स्टेट ग्रान्ट |
| 5 | गप्पू/नजीरा | कस्साबान बावडी टोंक | 39 | - | स्टेट ग्रान्ट |
| 6 | नीलम /स्व. सीता राम | पाटनियों का मोहल्ला पुरानी टोंक | 45 | - | स्टेट ग्रान्ट |
| 7 | सत्यनारायण /गोपीराम | सिविल लाईन टोंक | 66.66 | 9ए | कृषि भूमि |
| 8 | गोपीलाल गुर्जर/ छीतर लाल गुर्जर | ज्योति नगर कॉलोनी टोंक | 175 | 44 | कृषि भूमि |
| 9 | समीम बानो / अजीम मोहम्मद | राज कॉलोनी टोंक | 75 | 81 ए | कृषि भूमि |
| 10 | सुनील कुमार बैरवा/ हरनाथ लाल बैरवा | सुभाष नगर टोंक | 132.88 | 65 | कृषि भूमि |
| 11 | राधा देवी/प्रेम शंकर चौधरी | शुभम कॉलोनी टोंक | 302.22 | 4 व 20 | कृषि भूमि |
| 12 | सीता देवी मीणा/प्रभूलाल मीणा | श्री नाथ कॉलोनी टोंक | 555.55 | 58,59, 83,84 | कृषि भूमि |
| 13 | संतरा देवी/हरीभजन | श्री नाथ कॉलोनी टोंक | 533.33 | 60,61, 81,82 | कृषि भूमि |
| 14 | मोहम्मद अययुब/मोहम्मद हब्राहिम | बरकत नगर कॉलोनी टोंक | 183.33 | 32 | कृषि भूमि |
| 15 | रामप्रसाद खटीक / रामधन खटीक | गणपति नगर टोंक | 150 | 173 | कृषि भूमि |
| 16 | मेहजवी जैब / सैययद जुल्फिकार अली | श्री नाथ कॉलोनी टोक | 133.33 | 25 | कृषि भूमि |
| 17 | लाड देवी /रामअवतार साह | शिव सागर कॉलोनी टोंक | 150 | 51 | कृषि भूमि |
| 18 | रिंकू शर्मा / राज कुमार सामरिया | पुष्प वाटिका कॉलोनी टोंक | 150 | 25 | कृषि भूमि |
| 19 | रिंकू शर्मा /राज कुमार सामरिया | पुष्प वाटिका कॉलोनी टोंक | 150 | 26 | कृषि भूमि |
| 20 | मोडूलाल बैरवा / कल्याण बैरवा | कृष्णा कॉलोनी टोंक | 133.33 | 291 | कृषि भूमि |
| 21 | जगदीश प्रसाद / बिरधी चन्द | केप्टन कॉलोनी टॉक | 222.22 | 21 | कृषि भूमि |
| 22 | रेशम देवी / सीताराम जाट | सन्तोष नगर टोंक | 160 | 87 | कृषि भूमि |
| 23 | मोहम्मद शाहिद /अब्दुल रहमान | उस्मान नगर टोंक | 222.22 | 7,8 | कृषि भूमि |
| 24 | मोहम्मद शाहिद/ अब्दुल रहमान | उस्मान नगर टोंक | 525 | 55,56, 58,59ए | कृषि भूमि |
| 25 | अब्दुल वाहिद / अब्दुल रहमान | राज कॉलोनी टोंक | 375 | 57,59 बी,60 | कृषि भूमि |
| 26 | अब्दुल वाहिद/ अब्दुल रहमान | उस्मान नगर टोंक | 222.22 | 19,20 | कृषि भूमि |
| 27 | आमीर खान, नाहिंद खान, मोहम्मद आदिल / मुन्ना खाँ | राज कॉलोनी टोंक | 162.5 | 53 | कृषि भूमि |
| 28 | प्रियंका चौधरी / सुरेश कुमार चौधरी | बृज विहार कॉलोनी टोंक | 111.11 | 95 | कृषि भूमि |
| 29 | मनिषा जाट/दीपक कुमार चौधरी | सन् सिटी कॉलोनी टोंक | 143.33 | 214,215, 216 | कृषि भूमि |
| 30 | भाग चन्द चौधरी/ शंकर लाल जाट | सन् सिटी कॉलोनी टोंक | 100 | 310,311 | कृषि भूमि |
| 31 | अब्दुल मोईद / अब्दुल मजीद | राज कॉलोनी टोंक | 147.77 | प्लाट | कृषि भूमि |
| 32 | अशोक कुमार शर्मा/केशल शर्मा | बृज विहार कॉलोनी टोंक | 111.11 | 31 | कृषि भूमि |
| 33 | ममता देवी / शिवपाल गुर्जर | कृष्णा कॉलोनी टोंक | 133.33 | 16 | कृषि भूमि |
| 34 | भागचन्द / बंशीलाल | सन् सिटी कॉलोनी टोंक | 166.66 | 58,78 | कृषि भूमि |
| 35 | जसवन्त सिंह नरूका / समुद्र सिंह नरूका | टीचर्सकॉलोनी टोंक | 166.66 | 177 | कृषि भूमि |
| 36 | जसवन्त सिंह नरूका / समुद्र सिंह नरूका | टीचर्स कॉलोनी टोंक | 301.66 | 16,29 | कृषि भूमि |
| 37 | रामदयाल गुर्जर/रामकारण गुर्जर | जसवन्त नगर टोंक | 194.44 | 123,124 | कृषि भूमि |
| 38 | अनोख देवी /प्रहलाद साहू | अम्बिका कॉलोनी टोंक | 200 | 12 | कृषि भूमि |
| 39 | राकेश कुमार साहू/लालचन्द साहू | सान्तोष नगर टोंक | 33.33 | 4,5 | कृषि भूमि |
| 40 | कालूराम सैनी /नेमीचन्द सैनी | अम्बिका कॉलोनी टोंक | 148.11 | 29 | कृषि भूमि |
| 41 | मो. शहीर खान / स्व. मो. शकील खान | स्टेडियम के पास टोंक | 235.55 | 08 | कृषि भूमि |
| 42 | रूबीना खान/ मोहम्मद मोफीक | वन विहार कॉलोनी टोंक | 150 | 01 | कृषि भूमि |
| 43 | कान्ति देवी/अशोक कुमार गर्ग | दीप नगर कॉलोनी टोंक | 100 | 111,112 | कृषि भूमि |
| 44 | सीता देवी / कैलाश | दीप नगर कॉलोनी टोंक | 50 | 123 | कृषि भूमि |
| 45 | हेमराज गुर्जर /रामलाल गुर्जर | दीप नगर कॉलोनी टोंक | 200 | 04 | कृषि भूमि |
| 46 | मंशा देवी / गोकुल बैरवा | दीप नगर कॉलोनी टोंक | 100 | 132,133 | कृषि भूमि |
| 47 | रामबाबू शर्मा / चिरंजी लाल शर्मा | दीप नगर कॉलोनी टोंक | 100 | 24,25 | कृषि भूमि |
| 48 | मुकेश कुमार सैनी / बाबुलाल सैनी | दीप नगर कॉलोनी टोंक | 200 | 124,125, 152,153, 154 | कृषि भूमि |
| 49 | ओमप्रकाश पारीक/हरिराम पारीक आकांक्षा पारीक/ओमप्रकाश पारीक | दीप नगर कॉलोनी टोंक | 200 | 22,23, 28,29 | कृषि भूमि |
| 50 | राजाराम जाट / जगदीश प्ररसाद जाट | सुर्य नगर कॉलोनी टोंक | 100 | 238.239 | कृषि भूमि |
| 51 | रामकिशोर शर्मा / मोती लाल शर्मा | सुर्य नगर कॉलोनी टोंक | 100 | 54 | कृषि भूमि |
| 52 | रामलाल जाट / श्रीराम जाट | विधाधर कॉलोनी टोंक | 100 | 353,354 | कृषि भूमि |
| 53 | छोटूलाल सैनी / पांचुलाल सैनी | शंकरपुरा चौराहा टोंक | 122.22 | 3बी | कृषि भूमि |
| 54 | कन्हैया लाल सेनी / नारायण माली | शिवाजी नगर टोंक | 200 | 01 | कृषि भूमि |
| 55 | राबिया रहमान / शफीकुर्रहमान, शफीकुर्रहमान/ फजलुर्रहमान | सरदार नगर कॉलोनी टोंक | 125 | 57 | कृषि भूमि |
| 56 | कमला देवी /स्व. रतन लाल | संतोष नगर टोंक | 150 | 39 | कृषि भूमि |

आयुक्त
नगर परिषद, टोंक